संध्या सिंह
निदेशक (एमएंडई)
दूरभाष: 24364112
ई-मेल: sandhya.singh@nic.in

अ.शा.पत्र संख्या डब्ल्यूक्यू-11018/47/2015-डब्ल्यूक्यू
दिनांक 17 दिसंबर, 2015

विषय: **आईआरसी द्वारा सामुदायिक जल प्लस अनुसंधान परियोजना की समाप्ति पर एक विस्तारक घटना - प्रदर्शन दौरा हेतु कार्यशाला।**

प्रिय

आपके ध्यान में लाया जाता है कि आईआरसी ग्रामीण जल प्रणाली के सामुदायिक प्रबंधन से जुड़ी एक एजेंसी है और यह ग्रामीण जलापूर्ति सेवाएँ उपलब्ध कराने और उनमें सुधार लाने का कार्य करती है। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के सहयोग से आईआरसी और भारत में अनुसंधान पार्टनर, एएससीआई, सीईसी, एमएनआईटी और एक्सआईएसएस तथा आईआरसी द नीदरलैंड सहित एक राष्ट्रीय स्टीरिंग समिति क्रैनफील्ड यूनीवर्सिटी, यू-के ने 20 ''सफल'' तथा कार्य कर रही ''समुदाय संचालित ग्रामीण जल स्कीमों का ऑस्ट्रेलिया एंड (डीएफएटी) वित्तपोषित तीन वर्षीय भारतीय अध्ययन का क्षेत्रकाय चरण पूरा कर लिया है। अनुसंधान कर्ताओं ने घरेलू पहुँच का स्तर, विश्वस्नीयता, समुदाय की भागीदारी का स्तर और विशेष रूप से अन्य इकाइयों सार्वजनिक तथा सभ्य समाज दोनों से सहयोग की सीमा की जाँच की है जो स्थायी ग्रामीण जलापूर्ति सेवाओं की प्राप्ति के लिए उपयुक्त घटक है।

2. अध्ययन के आधार पर आईआरसी एक कार्यशाला और उसके साथ-साथ अपनी खोजों और दृष्टिकोणों को सेवा प्रदाता विशेषकर प्रचालन, रख-रखाव और प्रशासन तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय नीति निर्माताओं के साथ साझा करने के लिए भारत के चार स्थलों मे क्षेत्र दौरा करने की आयोजना कर रही है। कार्यशाला के लिए प्रदर्शन दौरा और विस्तारक घटना - दक्षिणी पूर्वी तथा उत्तरी कार्यशाला का प्रस्तावित स्थान तथा समय सारणी **अनुलग्नक 'क'** में संलग्न है।

3. उपर्युक्त के आलोक में यह निर्णय किया गया है कि कार्यशाला में भाग लेने के लिए **अनुलग्नक 'क'** में उल्लिखित प्रत्येक राज्यों से सहायक अभियंता अथवा कार्यकारी अभियंता रैंक के तीन अधिकारियों का विवरण कार्यशाला में भाग लेने हेतु आईआरसी को नीचे दिए

गए प्रोफार्मा में कार्यशाला समन्वयक से स्थान का विवरण प्राप्त करने के बाद भेजा जाए और उसकी सूचना इस मंत्रालय को दी जाए:-

क्र.सं.	**नाम तथा पदनाम**	**संगठन विभाग का नाम**	**पता एवं मोबाइल संख्या सहित संपर्क विवरण**	**ई-मेल पता**

4. प्रदर्शन दौरा तथा विस्तारक घटना पर कार्यशाला हेतु समन्वयक का विवरण

नाम	**पदनाम**	**ई-मेल पता**	**दूरभाष संख्या**
स्नेह लता	राष्ट्रीय अनुसंधान समन्वयक, कम्यूनिटी वाटर प्लस	Sneha_sreedhar@yahoo.com	+919000172555
रुचिका शिवा	राष्ट्रीय, समन्वयक आईआरसी	ruchika@ircwash.org	+919811136961

5. कार्यशाला के स्थल पर दो रात रहने, प्रदर्शन दौरा हेतु यात्रा करने और खाने पीने का व्यय आईआरसी हेतु कम्युनिटी वाटर प्लस परियोजना से वहन किया जाएगा।

6. उपर्युक्त कार्यशाला हेतु नामित अधिकारियों का टीए/डीए संबद्ध राज्य सरकार द्वारा 5% सहायक निधियों से वहन किया जाएगा।

सादर,

भवदीय,

(संध्या सिंह)

अनुलग्नक 'क'
(संदर्भ पत्र संख्या डब्ल्यूक्यू-11018/47/2015-डब्ल्यूक्यू का पैरा 2 तथ 3)
दिनांक दिसंबर, 2015

(क) प्रदर्शन दौरा तथा विस्तारक घटना पर कार्यशाला की समय सारणी तथा स्थल

तिथि	**गतिविधि**	**सहायक अनुसंधानकर्ता**	**स्थान**
वृहस्पतिवार, 4 फरवरी, 2016	एक केरल सामुदायिक जल परियोजना का प्रदर्शन दौरा	सीईसी और एएससीआई	कालिकट
शुक्रवार 5 फरवरी, 2016	विस्तारक कार्यशाला	सीईसी और एएससीआई	कालिकट
सोमवार 8 फरवरी, 2016	ग्राम विकास समुदाय जल परियोजना का प्रदर्शन दौरा	एक्सआईएसएस	ओडिशा
मंगलवार 9 फरवरी, 2016	विस्तारक कार्यशाला	एक्सआईएसएस	भुवनेश्वर
वृहस्पतिवार 11 फरवरी, 2016	विश्व बैंक सहायता प्राप्त पंजाब समुदाय जल परियोजना	एमएनआईटी	पंजाब
शुक्रवार 12 फरवरी, 2016	रिसर्च स्टीरिंग समिति और राष्ट्रीय विस्तारक कार्यशाला	एएससीआई, सीईसी, एमएनआईटी, एक्सआईएसएस	दिल्ली

(ख) प्रदर्शन दौरा और विस्तारक घटना पर कार्यशाला में भाग लेने हेतु राज्य-वार फैले स्थल

क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**प्रत्येक राज्य से नियोजित अधिकारियों की संख्या**	**कार्यशाला का स्थान**
(i)	महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिल नाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना	03	कालिकट
(ii)	बिहार, सिक्किम, मेघालय, असम, पश्चिमी बंगाल तथा ओडिशा	03	भुवनेश्वर
(iii)	जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, झारखंड, छत्तीसगढ़	03	पंजाब
(iv)	उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मीजोरम, त्रिपुरा	03	दिल्ली